# भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर
## सम्पदा कार्यालय

**[ फोन नं. 0512-679-7166/7372 & Email: eoffice@iitk.ac.in ]**

**निविदा सूचना संख्या – 08/CarParking/2025-26**

**टैक्सी /कार पार्किंग को ठेके पर चलाने हेतु निविदा**

**दिनांक:** 06.06.2025

निदेशक, भा.प्रौ.सं. कानपुर की ओर से संस्थान परिसर की बाउंड्री (निकट नानकरी) के पास स्थित पार्किंग स्थल निकट टाइप 1 बड़ा शिव मन्दिर गेट, निकट धर्मवीर गेट एवं निकट चरखी गेट के पास कार पार्किंग स्थल को ठेके पर चलाने हेतु मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक निविदाकर्ता को पूर्ण रूप से भरी हुई निविदा संस्थान के सम्पदा कार्यालय मे दिनांक **27.06.2025** को अपराह्न 04:00 बजे तक जमा कर सकते है । इसके उपरांत प्राप्त की गई निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।

प्राप्त निविदाओं को खोलने की तिथि , समय व स्थान की घोषणा निविदाकर्ता को अलग से सूचित की जायेगी।

इच्छुक ठेकेदार/निविदाकर्ता जो इस निविदा प्रक्रिया में भाग लेने चाहते है वे निविदा प्रपत्र संस्थान कि बैबसाइट www.iitk.ac.in/estateoffice/tender से डाउनलोड किया जा सकता है।

ह.
प्रभारी अधिकारी (सम्पदा)

**प्रतिलिपि:**

1. उपनिदेशक
2. डीन, प्रशासन
3. अधीक्षण अभियंता, सं.नि.वि.
4. सुरक्षा इकाई
5. सूचना पट्ट
6. बैबसाइट

# भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर
## सम्पदा कार्यालय

[फोन नं. 0512-679-7166/7372 & Email: eoffice@iitk.ac.in ]

**कार पार्किंग की व्यवस्था हेतु प्रस्तावित नियम व शर्तें निम्नानुसार है:-**

1. उक्त निविदा में हिस्सा लेने हेतू निविदा फार्म कार्यालय से कार्यालय दिवस अनुसार नि:शुल्क प्राप्त किया जा सकता है, जिसमें पार्किंग से संबन्धित नियम व शर्तें और ठेकेदार के आवेदन/पहचान पत्र व अन्य दस्तावेजो का विवरण होगा एवं उसके द्वारा दिया गया मासिक वार्षिक रेट होगा।
2. यह कि निविदा में हिस्सा लेने के लिये ठेकेदार को निविदा फार्म पूर्ण रूप से भरते हुए पैन कार्ड, आधार कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो, पिछले छः माह की बैंक स्टेटमेंट व पिछले दो साल की आयकर रिटर्न की सत्यापित प्रतियां साथ लगानी होगी, कागजों में किसी भी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर निविदा फार्म को निरस्त किया जा सकता है।
3. टैक्सी/कार सेवा संचालन/ कार पार्किंग संबन्धित व्यवसाय करने वाले व्यक्ति को उक्त निविदा प्रक्रिया मे वरीयता दी जाएगी ।
4. यह कि निविदाकर्ता/ठेकेदार को अपना पुलिस सत्यापन/चरित्र प्रमाण पत्र निविदा फार्म के साथ संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा फार्म को निरस्त किया जा सकता है।
5. यह कि इस पार्किंग निविदा मे भाग लेने के इच्छुक निविदाकर्ता को रुपये 5000/- का बैंक ड्राफ्ट 'रजिस्ट्रार, आई०आई०टी० कानपुर' के नाम बयाने (EMD) के रूप मे संलग्न करना अनिवार्य है।
6. यह कि पार्किंग ठेका अवधी शुरू में दो वर्ष के लिए होगी, जो कि कार्य सन्तोषजनक पाए जाने पर आगामी तीन वर्षों के लिए (एक बार मे एक वर्ष) प्रत्येक वर्ष मासिक किराये में न्यूनतम 05 प्रतिशत वृद्धि करते हुए बढाई जा सकती है।
7. यह कि कार पार्किंग दरें रूपये 20/- (8 घंटे के लिए या एक बार), रुपये 30/- प्रतिदिन (24 घंटे के लिये) अथवा रुपये 600/- मासिक (कार व अन्य कमर्शियल) वाहन के लिए होगी/ पार्किंग दर रखी जानी प्रस्तावित है।
8. यह कि पार्किंग ठेका स्वीकृति के पश्चात ठेकेदार को प्रतिभूति राशि (security money) के रूप मे **रुपये 30,000/**- संस्थान के खाते मे जमा करना अनिवार्य होगा।
9. यह कि पार्किंग स्थल संस्थान परिसर की बाउंड्री (निकट नानकरी) के पास स्थित **पार्किंग स्थल निकट टाइप 1 बड़ा शिव मन्दिर गेट, निकट धर्मवीर गेट एवं निकट चरखी गेट** के पास कार पार्किंग स्थल को ठेके पर चलाने हेतु मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।
10. पार्किंग स्थल पर साफ-सफाई की व्यवस्था रखने व करने के लिए जिम्मेवारी ठेकेदार की होगी, जिसका खर्च ठेकेदार स्वंय वहन करेगा।
11. यह कि पार्किंग स्थल पर यदि बैरिकेडिंग, कंटीली तार व अन्य किसी प्रकार की आवश्यकता का खर्च ठेकेदार द्वारा स्वंय वहन करेगा ।
12. यह कि पार्किंग में खडे वाहनों की सुरक्षा की जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी । यह कि पार्किंग क्षेत्र में पार्क किए गए वाहन में रखे गए सामान की भी जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी ।
13. यह कि संबंधित ठेकेदार यदि निर्धारित अवधि से पहले ठेका को छोड़ता है तो उसकी पूर्ण अग्रिम जमानत राशि जब्त कर ली जाएगी ।
14. यह कि संस्थान द्वारा निर्धारित पार्किंग क्षेत्र में ही निर्धारित पार्किंग शुल्क की वसूली की जाएगी । यदि ठेकेदार निर्धारित शुल्क से अधिक राशि वसूल करता पाया गया तो उससे प्रथम पक्ष बारे 500/-रूपये, द्वितीय बार 1000/- रूपये, तृतीय बार 2000/- रूपये जुर्माना राशि वसूल की जाएगी और उसके बाद नियमांनुसार अनुशासनात्मक कार्यवाई करते हुए ठेका रद्द किया जा सकता है, जिस बारे संस्थान के प्राधिकारी/ निदेशक का निर्णय अन्तिम होगा, इसके विरूद्ध ठेकेदार कोर्ट में नहीं जा सकता ।

....................................

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर

15. यह कि पार्किंग में पर्याप्त कर्मचारी तैनात करने होगें और सभी कर्मचारियों की पूरी जिम्मेवारी पार्किंग ठेकेदार की होगी।
16. यह कि प्रत्येक वाहन की पार्किंग पर्ची काटी जाएगी तथा निर्धारित शुल्क ही वाहन मालिक से लिया जाएगा ।
17. यह कि यदि ठेकेदार द्वारा किसी भी नियम व शर्त का उलंघन किया जाता है तो संस्थान को पार्किंग ठेका अवधि रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा।
18. यह कि संस्थान/ सम्पदा कार्यालय के कर्मचारी / प्रतिनिधि को किसी भी समय पार्किंग स्थल व इससे संबंधित रिकार्ड का निरीक्षण करने का पूरा अधिकार होगा।
19. यह कि निविदा राशि को स्वीकार करने का अधिकार संस्थान को होगा।
20. यह कि सबसे अधिक निविदा देने वाले निविदाता ठेकेदार को संस्थान/सम्पदा कार्यालय में स्वीकृति पत्र मिलने के 07 दिन के अन्दर अन्दर कार्य शुरू करना होगा और निर्धारित समय में कार्य शुरू न करने पर भी मासिक किराया कटना आरंभ हो जाएगा।
21. यह कि पार्किंग का समय 24X7 होगा।
22. यह कि पार्किंग ठेकेदार को शिकायत सुझाव रजिस्टर पार्किंग स्थल रखना होगा ।
23. यह कि ठेकेदार पार्किंग स्थल पर स्टाफ व अन्य रिकार्ड हेतु अस्थाई शैड का निर्माण कर सकता है, जिसके बाहर पार्किंग ठेकेदार का नाम, दूरभाष संख्या तथा पार्किंग फीस की दरों को दर्शाया जाना जरूरी होगा । यदि आवश्यकता पडने पर पार्किंग स्थल में बदलाव किया जाता है तो वह अधिकार संस्थान के पास होगा।
24. यह कि निविदा पार्किंग के लिए चिन्हित क्षेत्र निविदा भरने से पूर्व देख ले, बाद में संस्थान की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी । चिन्हित क्षेत्र में ही पार्किंग फीस की वसूली की जाएगी।
25. यह कि संस्थान द्वारा उक्त पार्किंग को प्रशासनिक व अन्य किन्हीं कारणों से पार्किंग को स्थाई अस्थाई रूप से बन्द करने का अधिकार होगा ।
26. यह कि संस्थान को पार्किंग स्थल को सुविधानुसार बदलने का अधिकार होगा, जो कि ठेकेदार को मान्य होगा।
27. उपरोक्त के अतिरिक्त संस्थान द्वारा /के सक्षम प्राधिकारी द्वारा/ को किसी भी समय अन्य शर्त जोडने या बदलने का पूर्ण अधिकार होगा ।
28. यह कि यदि किसी प्रकार का कोई झगडा या झगडे जैसी स्थिती उत्पन्न होती है तो ऐसी स्थिति कि ज़िम्मेदारी स्वयं ठेकेदार कि होगी इन सब से संस्थान का कोई वस्ता व सरोकार होगा ।
29. यह उक्त पार्किंग के सम्बंध मे संस्थान निदेशक का निर्णय अन्तिम होगा तथा सभी निविदाकर्ताओं को स्वीकारिय होगा । इस अधिकार के तहत संस्थान को पार्किंग से संबंधित नियम व शर्तों में बदलाव व अन्य शर्तें जोडने का एकाधिकार होगा तथा किसी भी पक्ष को संस्थान के एकाधिकार को चुनौती देने का अधिकार नहीं होगा ।

.....................................

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर

# भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर
## सम्पदा कार्यालय

प्रमाणित फोटो

## कार पार्किंग ठेका स्थल के आवंटन हेतु आवेदन – पत्र

(अवधि .......................... से ........................ तक)

सेवा मे,
श्रीमान सक्षम प्राधिकारी
भा०प्रौ०सं०, कानपुर

1. पार्किंग स्थल का नाम : 1. पार्किंग स्थल निकट टाइप 1 बड़ा शिव मन्दिर गेट
   2. पार्किंग स्थल निकट धर्मवीर गेट
   3. पार्किंग स्थल निकट चरखी गेट
4. आवेदक/ठेकेदार का नाम : ..........................................................................................
5. पिता का नाम : ..........................................................................................................
6. आधार नम्बर : ...........................................................................................................
7. पैन कार्ड नम्बर : ........................................................................................................
8. मोबाइल नम्बर : .........................................................................................................
9. चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न: हाँ / नहीं ..........................................................................
10. स्थायी पता : ..........................................................................................................................................
..........................................................................................................................................
..........................................................................................................................................
11. वार्षिक निविदा (पार्किंग) धनराशि रुपये .....................................(शब्दों मे .............................................................)
12. संलग्न बैंक ड्राफ्ट संख्या ....................... बैंक का नाम ............................................... धनराशि ..................................
13. मुझे निविदा प्रपत्र मे उल्लिखित समस्त नियम व शर्ते का मैंने भली भांति अवलोकन कर समक्ष लिया है व समस्त शर्ते मान्य व स्वीकार है ।

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर: ..............................
नाम :.................................................................
पिता का नाम : ................................................
पूरा पता: ..........................................................
.............................................................
.............................................................
.............................................................
मो०नं० ..........................................................